## भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी./एम आर /04 दिनांक : 23 दिसंबर, 2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

### बीडीएल में 'निदानात्मक सतर्कता' विषय पर मिड-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बी डी एल) में दि. 23 दिसंबर, 2020 से 6 जनवरी, 2021 तक 'निदानात्मक सतर्कता' विषय पर मिड-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान कंपनी की सभी इकाइयों और कार्यालयों से 200 से अधिक मिड-लेवल कार्यपालकों को 'Preventive Vigilance' विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आज कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बीडीएल ने डॉ उपेंदर वेन्नम, आई पी ओ एस, मुख्य सतर्कता अधिकारीऔर उद्यम के वरिष्ठ कार्यपालकगण की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केस स्टडीज़, देश विदेश के उत्तम प्रयास, शिकायत निवारण तंत्र, प्रभावन क्षमता प्रौद्योगिकी आदि पर चर्चा शामिल हैं। साथ ही, 'Preventive Vigilance' के विभिन्न आयामों पर प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक प्रस्तुतीकरण दिये जाएँगे। यह कार्यक्रम केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा विकसित प्रशिक्षण मोड्यूल अनुसार तैयार किया गया है।

यह कार्यक्रम बाहरी संकाय सदस्य और आंतरिक विषय विशेषज्ञ द्वारा तीन बैच में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।





**बीडीएल में 'Preventive Vigilance' विषय पर मिड-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।**

दि. 23 दिसंबर, 2020 को कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बीडीएल ने डॉ उपेंदर वेन्नम, आई पी ओ एस, मुख्य सतर्कता अधिकारीऔर उद्यम के वरिष्ठ कार्यपालकगण की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

---XXX---